RAF SECTOR

NEWS CLIP

09/02/20

CENTRAL RESERVE POLICE

TWENTY SEVENTH ANNIVERSARY

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Lohardaga (JKD)

शांति समितियों की बैठक के माध्यम से हालत को सामान्य बनाया जा रहा है, ठंड और बारिश में भी जवान डयूटी पर हैं मुस्तैद

संवेदनशील इलाकों में रैफ ने किया फ्लैग मार्च

लोहरदगा | संवाददाता

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के द्वारा फरवरी को उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में लोहरदगा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। आठ फरवरी को शांति और सौहार्द को रैफ के अधिकारियों और जवानों ने भरोसा में बदलने का काम किया।

भरोसा ही इस शहर को अविश्वास और घृणा की भावना से बाहर निकालने में कामयाब होगा। इस काम में जिला प्रशासन के अधिकारी के अलावा शांति समिति के सदस्यों पुलिस के अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। यही वजह है कि सबका विकास है। सब पर भरोसा कायम होगा।

लोहरदगा में सामान्य जीवन ने रफ्तार पकड़ लिया है। बल्कि सबके साथ मिलकर दौड़ने को तैयार खड़ा हो रहा है। लोहरदगा नगर पर्षद में धारा 144 लागू है।

पुलिस प्रशासन और आरएएफ के अथक प्रयास और आम लोगों के सहयोग से जनजीवन सामान्य हो पाया है। लगातार लोहरदगा थाने में समीक्षा की जा रही है। शांति समितियों की बैठक के माध्यम से हालत को सामान्य बनाया जा रहा है। ठंड और बारिश में भी जवान डयूटी पर मुस्तैद हैं। प्रशासन की ओर से सभी अस्थायी पुलिस पोस्ट में अलाव की व्यवस्था करायी गई है।

खास बातें

- सभी अस्थायी पुलिस पोस्ट में की गई है अलाव की व्यवस्था
- लोहरदगा नगर पर्षद में धारा 144 लागू है

पुलिस प्रशासन और रैपिड एक्शन फोर्स की महिला जवान समेत बड़ी संख्या में शहर और इसके बाहरी इलाकों में पैदल मार्च कर रहे हैं। ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी की जा रही है।

शनिवार को फ्लैग मार्च में डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, डीएसपी अमित और हुसैन, अमरकांत कुमार सहित पुलिस अधिकारियों ने सभी वर्ग के लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की।



लोहरदगा शहर के पावरगंज में फ्लैग मार्च के दौरान रैफ के अधिकारियों और मजिस्ट्रेट से जानकारी लेतीं डीसी आकांक्षा रंजन व अन्य।

रैफ ने लोहरदगा शहर के कैमो पतराटोली व अन्य बाहरी इलाकों में शनिवार को फ्लैग मार्च किया। • हिन्दुस्तान

भीषण ठंड के वावजूद लोहरदगा थाना से मार्च शुरू होकर अमला टोली कुरैशी मुहल्ला, पावरगंज सुभाष चौक, न्युं रोड अंजुमन मुहल्ला, अंबेडकर नगर, तैगी नगर, बरवाटोली चौक, थाना चौक बड़ी मस्जिद, अजय उद्यान, किस्को मोड़, कुटमू, फेकुवा टोली, डहुअ टोली, पतराटोली होते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गों, गलियों और बाजारों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों की टुकड़ियों के द्वारा किये जा रहे फ्लैग मार्च व गश्त से शहर के सभी इलाकों में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम है। शनिवार को साप्ताहिक हाटों में भी बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा लगा।अधिकारियों ने बताया कि अराजक तत्व सुधर जाएं। शहर में धारा 144 लागू है। किसी स्थल पर चार या चार से अधिक लोग एक साथ एकत्रित नहीं हों। कोई भी व्यक्ति पूर्व अनुमति के बिना न तो कोई सभा करेगा न, जुलूस निकालेगा। कोई भी अफवाह न फैलाएं। सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर किसी प्रकार की सांप्रदायिक, जातीय व धार्मिक व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड न करें।

Prabhat Khabar, Lohardaga (JKD)

लोहरदगा में धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है जनजीवन

- **फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति बहाल करने की अपील**

प्रतिनिधि ▷ लोहरदगा

रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर 106 सी बटालियन के उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया. कर्फ्यू हटने के बाद शहरी क्षेत्र में धारा 144 लागू है. कर्फ्यू हटने के बाद लोहरदगा में जनजीवन सामान्य होने लगा है. बाजारों में रौनक बढ़ गयी है. शनिवार देर रात तक दुकानें खुली रही. सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों की गतिविधियां भी समान्य हो चुकी है. स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थी पहुंचने लगे हैं. लंबी दूरी के वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है. पुलिस प्रशासन एवं रैपिड एक्शन फोर्स लगातार समीक्षा बैठक व शांति समिति की बैठक कर हालात को सामान्य बना रही है. ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी की जा रही है. फ्लैग मार्च में उपायुक्त आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, डीएसपी श्री अमित, श्री हुसैन, रैफ के उप कमांडेंट परशुराम कुंडा, सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार सहित पुलिस अधिकारी एवं रैफ के जवान शामिल थे. फ्लैग मार्च कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, अंजुमन मुहल्ला, पावरगंज चौक, आंबेडकर नगर, तैगी नगर, बरवाटोली, थाना चौक, अजय उद्यान, पतराटोली होते हुए शहरी क्षेत्र के विभिन्न बाजारों एवं गलियो में किया गया. फ्लैग मार्च के दौरान डीसी, एसपी, उप कमांडेंट, आदि ने शामिल थे

पावरगंज चौक पर फ्लैग मार्च में शामिल डीसी व अन्य.

शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते रैफ के अधिकारी व जवान.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।